हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 14 मई 2026

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

12 नगर निगम पर भाजपा का कब्जा, अक्षिता बनी मेयर

12 जीत का सिंकदर बना कांग्रेस प्रत्याशी पुनीत कवि


## खबर संक्षेप

### दुकान के गल्ले से चुराए डेढ़ लाख रुपये, केस

**यमुनानगर।** शहर के मॉडल टाउन स्थित सत्यम सेल्स वर्दी की दुकान के गल्ले से चोरों ने रात के समय डेढ़ लाख रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की प्रोफेसर कॉलोनी निवासी पंकज चोपड़ा ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शहर के मॉडल टाउन में सत्यम सेल्स के नाम से स्कूलों की वर्दी की दुकान है। वह रविवार रात को दुकान से काम खत्म करके अपने घर चला गया था। सोमवार को दुकान की छुट्टी होने के कारण दुकान बंद रही। अगले दिन सुबह जब वह दुकान पर पहुंचे तो उन्हें दुकान में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर दुकान के गल्ले से डेढ़ लाख रुपये गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### महिला समेत चार भगोड़े घोषित

**पानीपत।** न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी डॉ. तरुण कुमार वर्मा की अदालत ने अलग-अलग मामलों में चार आरोपियों को भगोड़ा घोषित किया है। इनमें ओमवीर निवासी गांव बुआना लाखू, इसराना, मनु गाबा निवासी पटेल नगर, तहसील कैंप पानीपत, करबिलाता चौबे निवासी पश्चिम बंगाल तथा आजाद सिंह निवासी गांव फैजपुर खेड़ा, जिला करनाल शामिल हैं। अदालत ने थाना सिटी पुलिस को आरोपियों के खिलाफ नया मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के निर्देश दिए हैं।

### किशोरी से किया दुष्कर्म, केस दर्ज

**पानीपत।** शहर की एक कॉलोनी में किराये के मकान में रहने वाली 13 वर्षीय किशोरी के साथ मकान मालिक के रिश्तेदार ने दुष्कर्म किया। आरोप है कि आरोपी ने हत्या की धमकी देकर वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने किशोरी के बयान दर्ज कर मेडिकल जांच भी करवाई।

### 11.93 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने गांव डाहर निवासी साहिल पुत्र विनोद को 11.93 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सुभाष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### चेन स्नैचिंग करने के आरोप में दो पकड़े

**समालखा।** सीआईए-वन पुलिस ने महिला से सोने की चेन छीनने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रिंकू पुत्र देवी सिंह और सुमित पुत्र रोशन निवासी गांव किवाना, जिला पानीपत के रूप में हुई है। आरोपियों ने भापरा गांव से दूध लेकर लौट रही पूजा पत्नी मनोज निवासी संगम कॉलोनी से चेन छीनी थी। थाना प्रभारी फूल कुमार ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर थाना समालखा में मामला दर्ज किया गया था।

### जमीन के विवाद में हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना मतलौडा पुलिस ने गांव कवि में जमीन विवाद के चलते मोहन लाल की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या करने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों विशाल और यश को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी राजेश ने बताया कि मृतक की पत्नी केला देवी की शिकायत पर थाना मतलौडा में हत्या का मामला दर्ज किया गया था।

## बीजेपी 17, निर्दलीय 2 सीटों पर जीते, एक ही वार्ड में खुला कांग्रेस का खाता

# 36252 मतों से जीतकर बीजेपी के श्यामलाल बने पंचकूला मेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला



पंचकूला नगर निगम आम चुनाव-2026 की मतगणना सेक्टर-14 स्थित गर्ल्स कॉलेज में संपन्न हुई। चुनाव में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 20 में से 17 वार्डों पर जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस को 1 और निर्दलीय उम्मीदवारों को 2 सीटों पर सफलता मिली। पंचकूला में भाजपा नेता एवं पूर्व विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता के पोते पार्थ गुप्ता ने वार्ड-6 से जीत हासिल की। वह नगर निगम चुनाव में सबसे कम उम्र के पार्षद बने हैं। उनकी उम्र 22 वर्ष 13 दिन बताई गई है।

मेयर पद पर भाजपा उम्मीदवार श्यामलाल बंसल ने कांग्रेस प्रत्याशी सुधा भारद्वाज को 36,252 वोटों के बड़े अंतर से हराया। इस सीट की मतगणना सबसे लंबी चली और शाम साढ़े तीन बजे तक 21 राउंड की काउंटिंग पूरी हुई। मतगणना के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी सुधा भारद्वाज ने काउंटिंग प्रक्रिया पर सवाल उठाए। छठे राउंड के दौरान वह काउंटिंग सेंटर से बाहर आ गईं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विरोध जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ ईवीएम की सील पहले से टूटी हुई थीं। साथ ही पार्षद और मेयर पद की ईवीएम को एक साथ रखने तथा स्ट्रॉन्ग रूम के रोशनदान के दो शीशे हटे होने पर भी आपत्ति जताई। सुधा भारद्वाज ने कहा कि वहां सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे और हर राउंड में 2000 से 2200 वोटों का अंतर बढ़ना सवाल खड़े करता है।

वहीं, सुधा भारद्वाज के पति एवं हरियाणा कांग्रेस मीडिया प्रभारी संजीव भारद्वाज ने कहा कि ऐसे माहौल में राजनीति करना कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे अगले 4-5 दिनों में बैठक कर राजनीति छोड़ने पर भी विचार कर सकते हैं।

### जानें...किस वार्ड से कौन जीता

| वार्ड | विजेता | पार्टी | जीत | कुल वोट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परमजीत कौर | भाजपा | 2358 | 3833 |
| 2 | परमजीत कौर | भाजपा | 1979 | 3101 |
| 3 | सुरेश कुमार वर्मा | भाजपा | 1087 | 2059 |
| 4 | भारत हितैषी | भाजपा | 2565 | 3688 |
| 5 | जय कुमार कौशिक | भाजपा | 1810 | 3394 |
| 6 | पार्थ गुप्ता | भाजपा | 866 | 2137 |
| 7 | ज्योति प्रसाद | भाजपा | 79 | 1791 |
| 8 | राज कुमार जैन | भाजपा | 948 | 2038 |
| 9 | हरेंद्र मलिक | भाजपा | 1623 | 2966 |
| 10 | शेखर | भाजपा | 59 | 1279 |
| 11 | अनुराधा पुरी | भाजपा | 1209 | 3159 |
| 12 | राकेश जगोता | भाजपा | 2872 | 3827 |
| 13 | दीपक गर्ग | भाजपा | 2267 | 3839 |
| 14 | राकेश गोयल | भाजपा | 2502 | 3689 |
| 15 | प्रियंका | भाजपा | 965 | 2346 |
| 16 | निर्मला देवी | भाजपा | 360 | 2039 |
| 17 | अशोक कुमार | निर्दलीय | 754 | 3043 |
| 18 | अमनदीप कौर | कांग्रेस | 165 | 3000 |
| 19 | मनीषा रानी | भाजपा | 1180 | 3811 |
| 20 | रोहित चौधरी | निर्दलीय | 966 | 3440 |

## आजाद उम्मीदवार लखविंदर सिंह नपा साढ़ौरा के वार्ड 9 से विजयी

रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने निर्वाचित हुए पार्षद लखविंदर सिंह को प्रमाण पत्र दे विजयी घोषित किया



**यमुनानगर।** नगर पालिका साढ़ौरा के वार्ड नंबर नौ के पार्षद पद के लिए हुए चुनाव में बुधवार को मतगणना का कार्य शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। इस वार्ड में आजाद उम्मीदवार लखविंदर सिंह ने सर्वाधिक 431 मत प्राप्त कर जीत हासिल कर ली। निरटर्निंग अधिकारी एवं व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने बताया कि साढ़ौरा नगरपालिका वार्ड नंबर 9 के पार्षद पद के लिए हुए उपचुनाव की बुधवार को मतगणना की गई। उन्होंने बताया कि वार्ड में कुल 1022 मतदाता पंजीकृत थे। जिनमें से 749 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने बताया कि मतगणना के उपरांत निर्दलीय उम्मीदवार लखविंदर सिंह को सर्वाधिक 431 मत प्राप्त हुए। वहीं निर्दलीय उम्मीदवार अशोक कुमार को 102 मत तथा इंडियन नेशनल लोकदल के उम्मीदवार इंद्रजीत शर्मा को 212 मत प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त नोटा के पक्ष में 4 मत डाले गए। रिटर्निंग अधिकारी जसपाल सिंह गिल ने बताया कि निर्दलीय उम्मीदवार लखविंदर सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 219 मतों के अंतर से पराजित कर विजय हासिल की। उन्होंने विजयी उम्मीदवार को बधाई दी। उन्होंने बताया कि मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, शांतिपूर्ण और प्रशासन की निगरानी में संपन्न कराई गई। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी कुलदीप सिंह, नायब तहसीलदार व्यासपुर रविन्द्र कुमार व खंड शिक्षा अधिकारी साढौरा धर्म सिंह राठी आदि मौजूद रहे।

# कुनाल का शव थाना किला में रख दिया धरना

- कुनाल हत्याकांड में 12 नामजद, दो पकडे, डीएसपी के आश्वासन पर अंत्येष्टि की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के जगदीश नगर में हुए कुनाल हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बुधवार को परिजनों ने मृत कुनाल के शव को थाना किला में रख कर प्रदर्शन किया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस हत्यारोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है और वे पुलिस की कार्यप्रणाली से संतुष्ट नहीं है। इधर, थाना किला में शव रख कर प्रदर्शन किए जाने की सूचना से प्रशासन व पुलिस विभाग में हडकंप मच गया।



**पानीपत।** थाना किला में कुनाल का शव रख कर विलाप करतीं परिवार की महिलाएं।

जबकि थाना के पुलिस अधिकारियों ने आंदोलनरत कुनाल के परिजनों को आश्वासन दिया कि जल्द ही कुनाल के हत्यारोपियों को पकड लिया जाएगा। वहीं, परिजन नहीं माने और करीब पांच घंटों तक कुनाल का शव थाने में रख कर प्रदर्शन करते हुए। इधर, डीएसपी नवीन संधू व डीएसपी सुरेश सैनी शाम को थाने पहुंचे और उन्होंने बताया कि कुनाल की हत्या के दो आरोपियों को पकड लिया गया है और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके बाद ही परिजनों ने थाना किला में धरना खत्म किया और कुनाल का अंतिम संस्कार करवाया गया। इस दौरान पुलिस बल भी पीडित परिवार के साथ रहा। स्मरणीय है कि कुनाल को रूपयों के लेनदेन के विवाद में घायल कर दिया गया था। वहीं पीजीआई रोहतक में मंगलवार की देर रात कुनाल की मौत हो गई थी। दूसरी ओर, थाना किला पुलिस ने जहां पोस्टमार्टम के बाद कुनाल का शव उसके परिजनों को सौंप दिया, वहीं भाई विकास की शिकायत पर विकास, विक्की, प्रिंस, वासू, राजा, ध्रुव, वरुण, कुलदीप, कन्हैया, विशाल, सहपाल, राहुल आदि पर कुनाल की हत्या के आरोप में केस दर्ज कर रखा है।

# राज्यपाल आचार्य देवव्रत रेलवे स्टेशन से साइकिल पर आज पहुंचेंगे गुरुकुल

- ईंधन बचाने, पर्यावरण संरक्षण व सादगीपूर्ण जीवन शैली अपनाने का देंगे संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

अपनी सादगी और प्राकृतिक खेती के प्रचारक के रूप में पहचाने जाने वाले गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत 14 मई वीरवार से कुरुक्षेत्र में नई पहल करने जा रहे हैं। गुजरात से कुरुक्षेत्र सामान्य रेलगाड़ी से पहुंचने के बाद गुरुकुल तक साइकिल पर यात्रा करेंगे। ऐसा करके राज्यपाल आचार्य देवव्रत आमजन को ईंधन बचाने, पर्यावरण संरक्षण व सादगीपूर्ण जीवन शैली अपनाने का संदेश देंगे।

### जो कहते हैं, वह पहले करते हैं राज्यपाल

पत्रकारों से बातचीत करते हुए ओएसडी टू गर्वनर डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार ने बताया कि राज्यपाल देवव्रत आर्य 14 मई को सुबह करीब 9 बजकर 30 मिनट पर रेलवे स्टेशन कुरुक्षेत्र में पहुंचेंगे। आचार्य देवव्रत इस समय गुजरात के 20वें राज्यपाल के तौर पर पद संभाले हुए हैं। जो शिक्षाविद, समाजसेवी, वैदिक विद्वान रहे हैं। इससे पहले हरियाणा के कुरुक्षेत्र गुरुकुल के प्रधानाचार्य रहे। वर्ष 2015 से 2019 तक हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल रहे और वर्ष 2019 में गुजरात के राज्यपाल रहे। गुजरात के राज्यपाल बनते समय संस्कृत में शपथ लेकर अलग पहचान दिखाई। इसके साथ ही 11 सितंबर 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें महाराष्ट्र के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया। ये तब हुआ जब सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति चुने गए। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिसंबर 2024 में कहा था कि आचार्य देवव्रत राज्यपालों के भी अगुआ हैं, यानी सबसे वरिष्ठ राज्यपाल, जो सभी राज्यपालों का नेतृत्व करते हैं। आचार्य देवव्रत ने नवंबर 2024 नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। नवंबर 2025 जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। अप्रैल 2026 भिवानी में नेचुरल फार्मिंग सेमिनार में बोले कि मोदी ने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन शुरू किया है। राज्यपाल जो कहते हैं वह पहले करते हैं। उनका मानना है कि रसायनिक खेती दूसरे विश्व युद्ध के बाद बड़ा षड्यंत्र था। गुजरात में लाखों किसानों को प्राकृतिक खेती सिखाई। इस अवसर पर गुरुकुल के प्राचार्य सूबेप्रताप एवं व्यवस्थापक रामनिवास आर्य भी मौजूद रहे।

# बाड़े से उपले चुराने का विरोध करने पर ईंट-डंडों से हमला

## तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गांव बुबका में बाड़े से उपले चोरी करने आए बदमाशों का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। तीन अज्ञात बदमाशों ने युवक पर डंडों और ईंटों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गांव बुबका निवासी सुखदेव सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव से रादौर रोड की तरफ खाली जगह में अपने बाड़े में उपलों का बिटोड़ा बनाया हुआ है। बीती रात करीब आठ बजे वह अपने खेतों की तरफ जा रहा था। इसी दौरान उसने देखा कि उसके बाड़े में बने बिटोड़े से तीन अज्ञात युवक उपले चोरी कर रहे हैं। उसने जब तीनों को रोकने का प्रयास किया तो आरोपितों ने हाथों में पकड़े डंडों और ईंटों से उस पर हमला कर दिया।

बदमाशों ने उसके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों पर वार किए। जिससे वह घायल हो गया। शोर मचाने पर तीनों युवक उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। बताया गया है कि आरोपी बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार थे। घायल को परिजन रादौर के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसका उपचार कराया गया। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सुखवीर हत्याकांड के दोषी को उम्रकैद

**पानीपत।** असिस्टेंट सेशन जज आरके मेहता की अदालत ने गांव डाडौला के खेतों में सुखवीर सिंह पुत्र नफे सिंह की हत्या के आरोपी संदीप पुत्र कृष्ण को दोषी करार देते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा दी है। मृतक सुखवीर व दोषी संदीप गांव डाडौला के ही निवासी है। वहीं जज मेहता की अदालत ने संदीप पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी किया है। स्मरणीय है कि 22 अक्टूबर 2020 की सुबह सुखवीर का खेत में काम करने के दौरान पड़ोसी खेत के मालिक संदीप आदि से विवाद हुआ था। वहीं, संदीप ने अपने लाइसेंसी पिस्टल से सुखवीर पर फायरिंग कर उसकी हत्या कर दी थी। दूसरी ओर, मृतक सुखवीर के भाई महावीर की शिकायत पर हुडा औद्योगिक सेक्टर 29 थाना पुलिस ने केस दर्ज किया था। वहीं, अदालत ने पुलिस द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों व गवाहों की गवाही के आधार पर संदीप को सजा दी है।

# गगन चूमेगी राष्ट्रभक्ति, 210 फुट ऊंचे तिरंगे से सुसज्जित होगा शहीद स्मारक: अनिल विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी में बना शहीद स्मारक न केवल राज्य के लिए बल्कि पूरे देश के लिए देशभक्ति का एक नया केंद्र बनने जा रहा है। 1857 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की यादों को समेटे शहीद स्मारक में अब एक और भव्य अध्याय जुडने जा रहा है। ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बताया कि अब शहीद स्मारक परिसर में विशाल तिरंगा फहराया जाएगा, जिसकी ऊंचाई 210 फुट होगी। यह तिरंगा स्मारक में 206 फुट ऊंचे मेमोरियल टॉवर से भी ऊंचा होगा, जो दूर से ही लोगों को राष्ट्रभक्ति का संदेश देगा। अम्बाला में यह सबसे ऊंचा तिरंगा होगा। विज ने बुधवार को तिरंगा लगाने के स्थान को लेकर शहीद स्मारक में मुआयना किया और



शहीदी स्मारक का मुआयना करते मंत्री अनिल विज।

अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने तिरंगा जल्द लगाने के दिशा-निर्देश दिए। मौके पर मौजूद शहीद स्मारक के निदेशक डॉ. कुलदीप सैनी ने बताया कि तिरंगा फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा लगाया जाएगा और जल्द तकनीकी टीम इसको लेकर शहीद स्मारक में आ रही है। शहीद स्मारक में 210 फुट की ऊंचाई पर लहराता तिरंगा इस बात का प्रमाण होगा कि शहीदों का बलिदान सर्वोच्च है। यह स्मारक आने वाले समय में कुरुक्षेत्र और अन्य ऐतिहासिक स्थलों की तरह दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करेगा। शहीद स्मारक न केवल हरियाणा का बल्कि भारत का एक प्रमुख ऐतिहासिक गंतव्य बनेगा। किसी भी स्मारक में तिरंगा सबसे ऊंचा होना चाहिए, यह भावना सम्मान और संप्रभुता का प्रतीक है। अधिकारियों के अनुसार, यह निर्णय इसलिए लिया गया ताकि जब कोई पर्यटक स्मारक को देखे, तो सबसे पहले उसकी नजर देश की आन-बान और शान 'तिरंगे' पर पड़े।

### शहीदों को मिला सम्मान

1857 में देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित शहीद स्मारक का निर्माण ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अंबाला छावनी में किया जा रहा है। जीटी रोड पर 22 एकड़ भूमि पर निर्मित शहीद स्मारक में 1857 में शहीद हुए अनसंग वीरों को नमन किया जा सकेगा। लगभग 700 करोड़ रुपए की लागत से शहीद स्मारक बन चुका है जिसका आने वाले दिनों में जल्द उदघाटन होगा। अंबाला छावनी वीरों की भूमि है जहां से 1857 में स्वतंत्रता संग्राम की ज्वाला फुटी थी। ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से शहीदों को नमन करने हेतु शहीद स्मारक का निर्माण किया है। इसी प्रकार अम्बाला छावनी में नेता जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सुभाष पार्क में उनकी विशाल मूर्ति स्थापित की गई है। इसी प्रकार शहीद –ए–आजम भगत सिंह की मूर्ति एसडीएम कार्यालय में स्थापित की गई है जहां उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है।

## कांग्रेस प्रत्याशी को 21,358 वोट से पराजित कर मेयर बनी अक्षिता

# जहां नौकरी की; अब उसी निगम में चलेगा अक्षिता का हुकुम

पहली बार बीसी बी उम्मीदवार के लिए रिजर्व हुआ था मेयर पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

शहर की नवनिर्वाचित मेयर अक्षिता सैनी जिस नगर निगम में कभी कर्मचारी रही अब उसी में उसका हुकुम चलेगा। बता दें मेयर पद पहली बार बीसी बी उम्मीदवार के लिए रिजर्व हुआ था। तब भाजपा की ओर से अक्षिता सैनी को मेयर का उम्मीदवार बनाया गया था। मेयर अक्षिता का परिवार लंबे समय से आरएसएस से जुड़ा हुआ है। उसके



दादा खुद दो बार कुरुक्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। मेयर अक्षिता सैनी काफी समय तक नगर निगम में कर्मचारी के तौर पर काम कर चुकी है। निगम की कार्रवाई से वाकिफ होने की वजह से भाजपा ने अक्षिता सैनी को मेयर का उम्मीदवार बनाया था। अक्षिता ने कांग्रेस की प्रत्याशी कुलविंद्र कौर सैनी को 21,358 वोट से पराजित किया है। अक्षिता सैनी को 52,794 वोट मिले और कांग्रेस प्रत्याशी कुलविंद्र कौर को 31436 वोट मिले। आजाद उम्मीदवार सोनिया चौधरी 21730 वोट प्राप्त करने में कामयाब रही। नगर निगम चुनाव में जीत का परचम लहराने वाली भाजपा की मेयर अक्षिता सैनी व तमाम निगम सदस्यों को सीएम नायब सैनी ने जीत की बधाई दी। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने अपने मोबाइल फोन के स्पीकर को ऑन कर मेयर व सदस्यों से सीएम नायब सैनी की बात करवाई। सीएम ने सभी को जीत की बधाई देकर लोगों की बुनियादी सुविधाओं दिलवाने में अहम भूमिका निभाने के आदेश दिए हैं।

### चुनाव में हार पर होगा मंथन: कांग्रेस

लगातार दूसरे नगर निगम चुनाव में करारी शिकस्त झेलनी वाली कांग्रेस ने वीरवार को कांग्रेस भवन में मीटिंग बुलाई है। कांग्रेस के शहरी अध्यक्ष पवन अग्रवाल की ओर से वीरवार को बुलाई गई मीटिंग में विधायक निर्मल सिंह के भी उपस्थित होने की बात कही जा रही है। मीटिंग में कांग्रेस ने हारने व जीतने वाले सभी उम्मीदवारों को बुलाया है। मीटिंग में हार की समीक्षा करने की बात कही जा रही है। बता दें कि पिछले निगम चुनाव में भी कांग्रेस को तीन सीट मिली थी। भाजपा के साथ सीधी टक्कर होने के बावजूद इस बार भी कांग्रेस तीन सीटों से आगे नहीं बढ़ पाई।

# 90.93 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवक गिरफ्तार

यमुनानगर। जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने 90.93 ग्राम हेरोइन के साथ अलग अलग स्थानों से दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है। जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि एक युवक कार में सवार होकर प्रताप नगर अनाज मंडी के पास से नशा लेकर निकलेगा। मामले की सूचना मिलते ही सब इंस्पेक्टर आशीष कुमार, एएसआई राजिंदर कुमार, पंकज व गुरनाम की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। कुछ देर बाद टीम को कार में एक युवक आता दिखाई दिया। टीम ने कार सवार युवक को पकड़ लिया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाया गया। जिसके सामने पकड़े गए युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से 40 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान गांव खिल्लेवाला निवासी हाशिम के नाम से हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी की कार भी कब्जे में ली गई है। सेल के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम के सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश, सतीश कुमार, मंजीत, एएसआई जसबीर, हैप्पी व गुरविंदर की टीम ने साढ़ौरा से एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 50.93 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान सवानिया मोहल्ला साढ़ौरा निवासी मनीष उर्फ बबलू के नाम से हुई। इंचार्ज ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है।

## खबर संक्षेप





### बाबा राम दास विद्यापीठ का परीक्षा परिणाम बेहतर

करनाल। बाबा राम दास विद्यापीठ कलवेहड़ी का सीबीएसई कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कॉमर्स स्ट्रीम में भाविका ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। वंशिका पॉल ने 96.8 प्रतिशत और वाणी ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं आर्ट्स स्ट्रीम में तनिषा ने 93.4 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया। श्रेया ने 91.4 प्रतिशत, अर्शा कम्बोज ने 91 प्रतिशत, नियति ने 89.6 प्रतिशत तथा नमन ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। विद्यालय के चेयरमैन वैद्य देविंदर कुमार बत्रा, मैनेजर साबिया बत्रा एवं प्रिंसिपल नीनू चांदना ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयास ही





### 9 छात्रों ने मेरिट, 18 ने फर्स्ट डिवीजन पाई

करनाल। सनातन धर्म बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रामनगर करनाल का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के 34 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 9 विद्यार्थियों ने मेरिट और 18 विद्यार्थियों ने फर्स्ट डिवीजन प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्रा जानकी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। वंशिका शर्मा और शालिनी देवी ने 86-86 प्रतिशत अंक हासिल किए। रिया ने 85 प्रतिशत, पल्लवी ने 84 प्रतिशत, प्रतिभा ने 83 प्रतिशत, श्रुति ने 82 प्रतिशत, अभिलाषा ने 81 प्रतिशत और वंशिका ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य धनेश चंद्र डिमरी और प्रबंध समिति के सदस्यों ने सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## उपायुक्त ने निर्माण एजेंसियों के साथ की समीक्षा बैठक

# स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

- कंबोपुरा में बन रहे वॉलीबॉल कॉम्प्लेक्स की प्रगति की भी समीक्षा की

शहर में स्मार्ट सिटी के तहत चल रहे विभिन्न प्रोजेक्ट्स की प्रगति की समीक्षा के लिए उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जिला सचिवालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधियों को कार्य में तेजी लाने और सभी प्रोजेक्ट निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए।



करनाल। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा।

बैठक में शक्ति कालोनी में बन रहे नारी निकेतन, महिला आश्रम, कमर्शियल भवन और वर्किंग वुमन हॉस्टल की प्रगति की समीक्षा की गई। संबंधित एजेंसियों ने बताया कि इनका कार्य 15 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। उपायुक्त ने हॉकी स्टेडियम के हॉस्टल ब्लॉक, शहर के मध्य बन रहे एलिवेटेड ब्रिज, सेक्टर-32 के कम्युनिटी सेंटर और अनाज मंडी के कमर्शियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में बनने वाली दुकानों की नीलामी के लिए प्रस्ताव तैयार करने को भी कहा ताकि निर्माण पूरा होने के तुरंत बाद दुकानें उपयोग में लाई जा सकें। अधिकारियों ने बताया कि एलिवेटेड ब्रिज का कार्य 31 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में कंबोपुरा में बन रहे वॉलीबॉल कॉम्प्लेक्स की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

शहर की सात सड़कों को स्मार्ट बनाने के कार्य पर भी चर्चा हुई। मीनार रोड, डीएवी कॉलेज रोड, माल रोड, विक्रम मार्ग और अहिल्या बाई मार्ग सहित सात सड़कों पर आधुनिक लाइट, फुटपाथ और पौधारोपण सहित अन्य कार्य किए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट पर करीब 25 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बैठक में स्मार्ट सिटी के जीएम रामफल, एचएसवीपी की ईओ अदिति, अधीक्षक अभियंता धर्मवीर, एसई नगर निगम पुनीत कुमार, एक्सईएन मोनिका शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी मनीष कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा और सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### सात सड़कें बनाई जाएंगी स्मार्ट

शहर की प्रमुख सड़कों पर आधुनिक सुविधाएं विकसित कर ट्रैफिक और सौंदर्यीकरण को बेहतर बनाया जाएगा।

## न्यूज़ डायरी

### राधा जागरण कल, स्वास्थ्य शिविर भी लगेगा

करनाल। गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सानिध्य में 15 मई को सेक्टर-12 हुडा मैदान में आयोजित होने वाले राधा जागरण की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। कार्यक्रम में हरियाणा सहित अन्य राज्यों और विदेशों से भी श्रद्धालु पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं के बैठने, भोजन प्रसाद और अन्य सुविधाओं की विशेष व्यवस्था की जा रही है। सेक्टर-12 स्थित कार्यक्रम स्थल पर कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार की ओर से आयोजित प्रेसवार्ता में संस्था के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष कृष्ण प्रेरणा उत्सव के रूप में राधा जागरण आयोजित किया जाता है और इस बार करनाल के लोगों को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम सायं सात बजे शुरू होकर रात्रि 11 बजे तक चलेगा। संस्था के सदस्यों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ उठाने की अपील की। संस्था के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम में देश के संत महात्माओं का आशीर्वाद मिलेगा। भजन गायकों के रूप में चित्र विचित्र महाराज और पूर्णिमा दीदी शिरकत करेंगी। कार्यक्रम के दौरान विशाल रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाएगा। इस अवसर पर शाम बत्तरा, तिलक अरोड़ा, पारुल बाली, सतीश गुप्ता, मोहन लोधी, अंकुर गुप्ता, अक्षत गुप्ता, पंकिल गोयल, नवीन बत्तरा, रवि अरोड़ा, विशाल सैनी, राहुल वलेचा, संजय बत्तरा और यश नारंग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय ताइक्वांडो में चमके तरावड़ी के सितारे



तरावड़ी। छोटे शहरों के बच्चे भी बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकते हैं, इसका बेहतरीन उदाहरण एथलीट स्पोर्ट्स अकैडमी, तरावड़ी के खिलाड़ियों ने पेश किया है। यूनिवर्सल स्कूल तरावड़ी में संचालित इस अकैडमी के नन्हे खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तरावड़ी व करनाल जिले का नाम रोशन किया है। कुरुक्षेत्र स्थित ब्रह्मसरोवर के मेडिटेशन हॉल में आयोजित पहली राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में अकैडमी के खिलाड़ियों ने दमदार खेल दिखाया। प्रतियोगिता का आयोजन ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन हरियाणा द्वारा किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। अकादमी की ओर से कुल 12 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इनमें से यूनिवर्सल किड्स केयर के 4 बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए। जशन ने सिल्वर मेडल जीतकर अकैडमी का गौरव बढ़ाया, जबकि यशप्रीत, दृश्यम और जुहित ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। खिलाड़ियों की इस सफलता के पीछे कोच विनोद और तनु की कड़ी मेहनत और समर्पण का अहम योगदान रहा। दोनों प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को नियमित रूप से ताइक्वांडो और सेल्फ डिफेंस की विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है, जिससे उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और फिटनेस का विकास हो रहा है। अकादमी के संचालक अनमोल और गरिमा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों को मोबाइल और टीवी से दूर कर खेलों की ओर प्रेरित करना बेहद आवश्यक है। खेल न केवल शारीरिक फिटनेस बढ़ाते हैं, बल्कि बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर भी बनाते हैं। एथलीट स्पोर्ट्स अकादमी का उद्देश्य केवल मेडल जीतना नहीं, बल्कि बच्चों को स्वस्थ, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर छोटे शहरों के बच्चे भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

### जैन निरामयम केंद्र की लिफ्ट का हुआ उद्घाटन



करनाल। आत्म मनोहर जैन मंदिर स्थित नवनिर्मित निरामयम केंद्र में स्थापित लिफ्ट का उद्घाटन भारत संत गौरव पीयूष मुनि के सान्निध्य में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने विधिपूर्वक किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष का पगड़ी पहनाकर और स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर हरविंद्र कल्याण ने कहा कि यह प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र उत्तर भारत और विशेष रूप से जीटी रोड बेल्ट के लोगों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि यहां अत्याधुनिक उपकरणों से जांच के बाद मिट्टी-पानी चिकित्सा, योगासन, एक्यूप्रेशर, प्राणायाम, एक्यूपंक्चर, ध्यान, मंत्र थेरेपी, ओजोन चिकित्सा, रंग चिकित्सा, अरोमा थेरेपी, मालिश, शिरोधारा, षट्कर्म, इन्फ्रा साउना और आहार चिकित्सा के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। प्राकृतिक चिकित्सा शरीर के मूल तत्वों को जागृत कर स्वास्थ्य सुधारने का कार्य करती है और यह भारतीय चिकित्सा पद्धति की बड़ी देन है। उन्होंने कहा कि पीयूष मुनि ने मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल के बाद इस केंद्र के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य लाभ देने का सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर निरामयम केंद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्ण मौर्य, डॉ. समीर केशवाणी, डॉ. श्वेता शर्मा, समाजसेवी सुशील जैन ईडन, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक डॉ. नवीन जैन और अजित जैन सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### चौ. भरत सिंह स्कूल की छात्रा के 94.6 प्रतिशत अंक

इंद्री। हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के परिणामों में चौ. भरत सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल जैनपुर साधान के बच्चों ने अपना परचम लहराया है। स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहने से स्कूली बच्चों व स्टाफ में खुशी का माहौल बना हुआ है। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रिंसिपल संजीव कुमार ने बताया कि बारहवीं कक्षा के परिणामों में विज्ञान संकाय की छात्रा सिमरजीत ने कुल 500 में से 473 अंक हासिल करने में सफलता पाई है। उन्होंने बताया कि वंशिका ने 464, हरजोत ने 459 अंक हासिल किए है। कला संकाय में शिवानी ने 422, उत्सव ने 396, पारस ने 389 अंक पाए है। कॉमर्स संकाय में नर्गिस ने 442, वंशम ने 415, हर्षित ने 408 अंक पाने में सफलता हासिल की है। प्रिंसीपल संजीव कुमार ने बताया कि विज्ञान संकाय में तीन बच्चों ने नब्बे से अधिक प्रतिशत, पांच ने 80 से 90 प्रतिशत के बीच, आठ ने 70 से 80 प्रतिशत व तीन ने 60 से 70 प्रतिशत के बीच अंक हासिल किए है। इसी प्रकार कला संकाय में एक बच्चे ने 80 से अधिक प्रतिशत, 12 ने 70 से 80 प्रतिशत के बीच व पांच ने 60 से 70 प्रतिशत के बीच अंक हासिल किए है तथा कॉमर्स में चार बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक, चार ने 70 से 80 प्रतिशत के बीच व तीन ने 60 से 70 प्रतिशत के बीच अंक पाए है। स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी अव्वल रहने वाले बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में दिए कैडेट्स को अग्नि सुरक्षा के गुर

- आग से बचाव और आपातकालीन स्थिति से निपटने की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

7 हरियाणा बटालियन एनसीसी करनाल द्वारा आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के आठवें दिन जवाहर नवोदय विद्यालय में अग्नि सुरक्षा एवं बचाव विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल एसएस नेगी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों को आग लगने की घटनाओं से बचाव तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्कता एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी देना है।

सब फायर ऑफिसर सुधीर कुमार, लीडिंग फायर मैन महिपाल हुड्डा, होम गार्ड सुरेश कुमार तथा ड्राइवर मनोज कुमार ने आग लगने के प्रमुख कारणों, प्राथमिक बचाव उपायों और अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। फर्स्ट ऑफिसर डॉ. केवल कृष्ण ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स को सुरक्षित निकासी, फायर एक्सटिंग्विशर के प्रयोग और आग से बचाव के व्यावहारिक उपायों का प्रदर्शन भी किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रश्न पूछे और सुरक्षा संबंधी जानकारियां प्राप्त कीं। शिविर के दौरान विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को मेडल और सम्मान देकर प्रोत्साहित किया।


करनाल। शिविर में कैडेट्स को अग्नि सुरक्षा की जानकारी देते अधिकारी।

# अपरा एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में उमड़ी श्रद्धा

- भजन-कीर्तन और छबील में शामिल हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

पुरानी अनाज मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर में अपरा एकादशी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। मंदिर और बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

श्रद्धालुओं ने गुलाब के फूल अर्पित किए और निशान चढ़ाकर मनोकामनाएं मांगीं। मंदिर कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पंडित दीपक पांडे ने बताया कि ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को अपरा एकादशी कहा जाता है, जिसे अचला एकादशी भी कहते हैं। यह व्रत अपार पुण्य देने वाला माना जाता है और भगवान विष्णु की पूजा से धन, यश और सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि मंदिर में प्रत्येक एकादशी पर भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है और दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

मंदिर कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की जाती हैं। इस अवसर पर देसराज गुप्ता, राजेश गर्ग, महेंद्र गुप्ता, अनिल गर्ग, राम करण गोयल, अशोक सिंघला, अनुपम त्रिपाठी, पंडित उमेश पांडे, पवन गुप्ता, हरीश जिंदल और राजेश सिंघला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मान्यता है कि अपरा एकादशी का व्रत करने और विष्णु पूजा से पापों का नाश होकर मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# उषा गुप्ता को श्रद्धांजलि देने का सिलसिला जारी

- विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने परिवार से मिल जताई संवेदना

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

महापौर रेणु बाला गुप्ता की जेठानी एवं भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता की भाभी स्वर्गीय उषा गुप्ता के निधन पर सांत्वना देने वालों का सिलसिला लगातार जारी है। चौधरी कॉलोनी स्थित गुप्ता परिवार के निवास पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण अपनी धर्मपत्नी रेशमा कल्याण के साथ पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

विधानसभा अध्यक्ष ने परिवारजनों के साथ आत्मीयता से बैठकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने परिवार को इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने का संबल देते हुए कहा कि स्वर्गीय उषा गुप्ता का स्नेहपूर्ण और सौम्य व्यक्तित्व सदैव स्मरणीय रहेगा।

इस दौरान गुप्ता परिवार के निवास पर राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोगों का पहुंचना जारी रहा। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने भी परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। समाज के विभिन्न वर्गों के लोग परिवार को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं। परिवार के अनुसार स्वर्गीय उषा गुप्ता की स्मृति में श्रद्धांजलि एवं शोक सभा का आयोजन 24 मई को किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति और शुभचिंतक शामिल होंगे। गुप्ता परिवार ने बताया कि स्वर्गीय उषा गुप्ता की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल होंगे।

## उत्कृष्ट परिणाम से चमका श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट का नाम

तरावड़ी। श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट, तरावड़ी का कक्षा 12वीं सीबीएसई परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी अत्यंत शानदार, गौरवपूर्ण एवं प्रेरणादायक रहा। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल विद्यालय बल्कि अपने अभिभावकों एवं शिक्षकों का नाम भी गौरवान्वित किया। विद्यालय का वातावरण विद्यार्थियों की सफलता से उत्साह एवं खुशी से भर उठा। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा स्कूल में विज्ञान संकाय के अंश गोयल ने 96.4 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप किया। इस वर्ष 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। अंश गोयल ने 96.4 प्रतिशत, अरमान ने 95 प्रतिशत ,नवनीत कौर ने 95 प्रतिशत, नवनीत विर्क ने 93 प्रतिशत व मंशा ने 92 प्रतिशत, शाईन ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

# सफाई कर्मियों को कांग्रेस का समर्थन

- कर्मचारियों की मांगों को बताया न्यायसंगत, सरकार पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

लघु सचिवालय के बाहर आंदोलनरत सफाई कर्मचारियों के समर्थन में जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के अध्यक्ष पराग गाबा आंदोलन स्थल पर पहुंचे और कर्मचारियों के साथ एकजुटता जताई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मेहनतकश वर्ग के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई में पूरी मजबूती से साथ खड़ी है।

पराग गाबा ने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज की व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने वाले कर्मयोगी हैं। कोरोना काल में भी उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर शहर को स्वच्छ और सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों को स्थायी रोजगार, समय पर वेतन, ठेका प्रथा समाप्ति, ईएसआई, पीएफ, सुरक्षा उपकरण और सम्मानजनक व्यवहार जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, जो सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है।सफाई कर्मचारियों की यह लड़ाई केवल सुविधाओं की नहीं, बल्कि सम्मान, सामाजिक न्याय, सुरक्षा और उनके परिवारों के बेहतर भविष्य का सवाल है। यदि कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी जारी रही तो कांग्रेस इस आंदोलन को व्यापक जनआंदोलन का रूप देगी। इस अवसर पर शारदा, सेवा राम, वीरभान विद्लान, राजकुमार दिल्लौद, जोगिंदर वाल्मीकि, बिंदर पोसवाल, तरुण चौहान, ललित आहूजा, संदीप माहाजन, अशोक दुग्गल, प्रदीप पूनिया, युवराज भट्ठी, पृथ्वी भाट, रमेश जोगी, जितेंद्र पंचाल, पंकज गाबा, कृष्ण कुटेल, सतीश भिंदल, जोगा अघी, बलदेव संभली, कपिल ठाकुर, रमन जस्ट काछवा और वीरेंद्र पाड़ा सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।


करनाल। सफाई कर्मचारियों के आंदोलन स्थल पर पहुंचे कांग्रेस नेता पराग गाबा।

## समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना बेहद जरूरी : चमन सिंगला

# भाविप ने जरूरतमंद कन्या के विवाह में दिया सहयोग

- बेटी का विवाह हर परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी : विजय

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| तरावड़ी

भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी द्वारा सामाजिक सेवा के अंतर्गत चलाए जा रहे कन्या शगुन अभियान के तहत एक जरूरतमंद कन्या के विवाह में आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया।

परिषद के अध्यक्ष विजय सिंगला ने कहा कि परिषद हमेशा समाज के जरूरतमंद परिवारों के साथ खड़ी रहती है और मानव सेवा को अपना प्रमुख उद्देश्य मानती है। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष विजय सिंगला ने कहा कि बेटी का विवाह हर परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। कई जरूरतमंद परिवार आर्थिक परेशानियों के कारण चिंता में रहते हैं, ऐसे में परिषद का प्रयास रहता है कि समाज के सहयोग से ऐसे परिवारों की मदद की जाए ताकि बेटी का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न हो सके। कोषाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने कहा कि भारत विकास परिषद समय-समय पर सामाजिक, धार्मिक और सेवा कार्यों में बढ़-चढक़र भाग लेती है। संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य, जरूरतमंदों की सहायता और कन्याओं के सम्मान से जुड़े कार्य लगातार करती आ रही है। परिषद सदस्य चमन सिंगला ने कहा कि समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। छोटी-छोटी मदद भी किसी जरूरतमंद परिवार के चेहरे पर मुस्कान ला सकती है। परिषद का उद्देश्य केवल सहयोग देना नहीं, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे और मानवता की भावना को मजबूत करना भी है। परिषद सदस्यों ने लोगों से अपील की कि वे भी जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए आगे आएं और समाज सेवा के कार्यों में अपना योगदान दें।


तरावड़ी। कन्या शगुन देते हुए परिषद प्रधान विजय सिंगला व सदस्य।

### दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न

करनाल। भारत विकास परिषद सूरज शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह जिमखाना क्लब में आयोजित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. आशिमा गखड़ रहीं, जबकि हरियाणा प्रांत उत्तर-2 के प्रांतीय उपाध्यक्ष मनीष मलिक ने अध्यक्षता की और प्रांतीय वित्त सचिव सीए नीरज गर्ग दायित्व प्रदाता रहे। करनाल जिला समन्वयक अशोक महेंद्रू, माधव शाखा से सुषमा महेंद्रू, अभिमन्यु शाखा से रजनीश चोपड़ा और मणिका चोपड़ा की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। प्रेम मैहता ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत, दीप प्रज्वलन और अतिथि सम्मान के साथ हुई। इसके बाद प्रोफेसर डॉ. नरेश बत्रा ने भगवान शिव को समर्पित भजन प्रस्तुत किया।

डॉ. जी.एस. शर्मा ने परिषद के इतिहास, उद्देश्य और परंपराओं पर प्रकाश डालते हुए नई टीम का मार्गदर्शन किया। डॉ. स्वर्णलता काठपाल ने वर्षभर की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। इसके बाद नई टीम में डॉ. नीना अरोड़ा को शाखा अध्यक्ष, प्रीति कुकरेजा को शाखा सचिव, सबिंदु गोगिया को शाखा वित्त सचिव, प्रेम मैहता को महिला सहभागिता संयोजक, फ्लाइट लेफ्टिनेंट बी.डी. खुराना को सेवा संयोजक, विनीता चौधरी को संपर्क संयोजक, राजन हांडा को संस्कार संयोजक, डॉ. संजीव शर्मा को संगठन तथा डॉ. हर्ष सेठी को पर्यावरण संयोजक का दायित्व सौंपा गया। सीए नीरज गर्ग ने सभी को शपथ दिलाई। डॉ. नीना अरोड़ा ने नई टीम में विश्वास जताने पर सभी सदस्यों का धन्यवाद किया और आगामी गतिविधियों की रूपरेखा साझा की।

### 94 प्रतिशत अंक के साथ दीक्षा ने किया नाम रोशन




तरावड़ी। गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम अन्य वर्षों की भांति इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल तथा अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया। छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। दीक्षा ने 94 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। दीक्षा की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में गर्व और उत्साह का वातावरण है। करीब 20 से ज्यादा विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से भी अधिक अंक लाकर मेरिट लिस्ट में अपनी जगह पक्की की। इसके अतिरिक्त विषयवार परिणाम भी अत्यंत सराहनीय रहे। संगीत विषय में दीक्षा ने 100 अंक हासिल किए। फाइन आर्ट्स विषय में 9 विद्यार्थियों ने 98 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्कृत विषय में स्मृति ने 98 अंक, हिमांशी ने बिजनेस स्टडी में 93 और इकोनॉमिक्स में 87 अंक, अकाउंट्स में मुस्कान ने 81 अंक, अंग्रेजी में खुशी ने 96 और गणित में 86 अंक तथा हिंदी में दीक्षा ने 92 अंक और लोकप्रशासन में 86 अंक और पंजाबी में तोमिन्दर ने 92 अंक प्राप्त किए।

## खबर संक्षेप

### एकादशी पर बाबा के दर्शनों को उमड़ी भीड़

**समालखा।** चुलकाना धाम में ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष की अपरा एकादशी पर श्याम बाबा के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। देश के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालुओं के कारण मुख्य मार्गों पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। वहीं, तीर्थ के रूप में विख्यात चुलकाना धाम में दर्शन के लिए भक्त चिलचिलाती धूप में नंगे पैर लाइनों में लगे रहे। मंदिर परिसर 'श्याम बाबा की जय' के उद्घोषों से गूंजता रहा। वहीं, अपरा एकादशी को पाप नाशक और असीम फलदायी तिथि माना जाता है। मान्यता है कि इस व्रत से जाने-अनजाने पापों का नाश होता है और भगवान विष्णु की पूजा से सुख-समृद्धि मिलती है। चुलकाना धाम में कलयुग और सतयुग की महाशक्तियां विराजमान हैं।

### जनहितकारी है दयालु योजना

**पानीपत।** पानीपत के जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में बुधवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर दयालु-दो योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में आवारा पशुओं से संबंधित मृत्यु, चोट एवं दिव्यांगता मामलों में मुआवजा प्रक्रिया की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

### स्वामी दयानंद पार्क में नागरिकों ने योग सीखा

**पानीपत।** भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति द्वारा स्वामी दयानंद पार्क सेक्टर 12 हुडा में नागरिकों ने योग सीखा। वहीं, कार्यक्रम में योग शिक्षक जसमेर सिंह, महेंद्र कत्याल, अशोक मिगलानी, चरण सिंह, हरीश वर्मा, इंद्रजीत, एमएस भूटानी, बिजली सिंह, नरेंद्र सरपंच, चारु, अंजू, मंजू, अनीता, सुनीता, पिंकी कत्याल, नीलम, आशा रानी, रेनू आर्य व कंचन आदि मौजूद रहे।

### डिपो होल्डर्स ने खुशी जताई

**पानीपत।** भाजपा सरकार द्वारा डिपो होल्डरों की सेवाएं 60 साल की उम्र पूरी होने पर समाप्त करने के फैसले पर रोक लगाते हुए हाईकोर्ट ने आजीवन राशन डिपो चलाने का डिपो होल्डर के पक्ष में निर्णय दिया है। जिसकी खुशी मनाते हुए पानीपत डिपो होल्डर एसोसिएशन के जिला प्रधान कन्हैया, उपप्रधान सत्यवान फौजी, उपप्रधान नवाब, जिला महासचिव जसबीर मलिक, दयानंद, निखिल, धर्म सिंह गोल्डी, बलवान सिंह, शामसुन्दर चावला, सतप्रकाश, महेंद्र सिंह, सतीश, संदीप शर्मा व जसवंत वर्मा आदि लड्डू बांटें।

### छात्र परिषद का गठन किया

**समालखा।** आशा दीप आदर्श हाई स्कूल गांव करहंस में छात्र परिषद के गठन हेतु इन्वेस्टिचर सेरेमनी आयोजित की गई। विद्यालय प्राचार्य, अध्यापकगणों ने नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को बैज, सैश एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं, सभी पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते हुए विद्यालय की मर्यादा बनाए रखने का संकल्प लिया।

### नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने बुधवार को अदियाना गांव के सरकारी स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। टीम ने इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया।

### बाढ़ से बचाव के कार्य समय रहते करें पूर्ण

**यमुनानगर।** जिला में बाढ़ राहत कार्यों के प्रबंधो को लेकर लघु सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ राहत कार्यों को समय से पहले पूरा किए जाने के निर्देश दिए।

---

12वीं कक्षा में कुल 136 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी

# पुष्पेन्द्र 98.8 लेकर कॉमर्स संकाय में रहा प्रथम

## दयाल सिंह स्कूल का कक्षा 12वीं का रिजल्ट शतप्रतिशत रहा



पानीपत। दयाल सिंह स्कूल की प्राचार्या डॉ विनीता तोमर के साथ उत्तीर्ण विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

सीबीएसई ने कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणामों में दयाल सिंह पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शतप्रतिशत रहा। वहीं 12वीं कक्षा में कुल 136 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। प्राचार्या डॉ. विनीता तोमर ने बताया कि पुष्पेन्द्र गांधी 98.8 लेकर कामर्स संकाय में प्रथम, आकांक्षा 97.2 लेकर नॉन मेडिकल संकाय में प्रथम, सुकृति अंक 93.4 लेकर मेडिकल संकाय में प्रथम, रिया ने 93.4 अंक लेकर कला संकाय में प्रथम रहे। इधर, प्राचार्या डॉ. विनीता तोमर ने बताया कि रिजल्ट शतप्रतिशत रहने के चलते स्कूल स्टाफ व विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्सव का माहौल रहा। वहीं, डॉ. तोमर ने स्कूल स्टाफ व अभिभावकों को बधाई और उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### परीक्षा परिणाम शानदार रहा

**पानीपत।** एलएसबीटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोंधापुर का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। कुल 58 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिनमें से 41 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। वहीं 11 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए तथा 17 ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। प्रिंसिपल आशा सैनी ने विद्यार्थियों को सफलता पर बधाई दी।

### विक्टर में हर्षित प्रथम

**पानीपत।** विक्टर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कॉमर्स का छात्र हर्षित 484 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान पर रहा। जबकि 482 अंकों के साथ ऑर्ट की छात्रा नव्या दूसरे स्थान व 479 अंकों के साथ कॉमर्स का छात्र पुण्य गुप्ता तीसरे स्थान पर रहा। वहीं विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

### जीडीजी रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

**पानीपत।** सीबीएसई द्वारा कक्षा बारहवीं का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। सृष्टि गोयल ने 467 अंक से प्रथम,भावना ने 458 से द्वितीय, मुकुल सैनी ने 441 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। चेयरमैन अतुल जैन, प्रधानाचार्य डॉ.आदित्य कुमार ने बधाई दी।



पानीपत। आर्य कन्या स्कूल की उत्तीर्ण छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए प्राचार्या रेनु आर्य आदि। फोटो : हरिभूमि

### 21 छात्रों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया

**पानीपत।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा का परीक्षा में आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय वीर भवन का परिणाम अत्यधिक सराहनीय रहा। बारहवीं कक्षा की 21 छात्रों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया तथा 45 छात्राओं ने प्रथम डिवीजन प्राप्त कर विद्यालय के नाम रोशन किया। रीतिका ने 92 प्रतिशत से प्रथम, सुनैना ने 90 प्रतिशत अंक से विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या रेनु आर्य ने कहा की यह छात्राओं तथा अध्यापिकाओं की संयुक्त मेहनत का परिणाम है। विद्यालय के प्रधान महावीर सिंह ने कहा की यह सफलता विद्यार्थियों के अनुशासन, शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट विश्वास के कारण ही प्राप्त हुई है।

---



पानीपत। राजकीय कॉलेज में ग्रीनमैन दलजीत के साथ पौधे रोपते हुए पूर्व सैनिक।

# राजकीय कॉलेज में पूर्व सैनिकों ने पौधरोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

■ ग्रीनमैन प्रो.दलजीत की प्रकृति बचाओ-सम्मान पाओ मुहिम को आगे बढ़ाया

ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार की "प्रकृति बचाओ-सम्मान पाओ" मुहिम के अंतर्गत बुधवार को भारतीय सेना के पूर्व जवानों ने इको क्लब के सहयोग से देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय, पानीपत में हर्बल बॉटनिकल गार्डन में पौधरोपण किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र जागलान ने की। इस अवसर पर आए हुए अतिथियों को सम्मान स्वरूप पगड़ी पहनाकर पौधे रोपित करवाए गए। महाविद्यालय की पूर्व छात्रा सतविंदर कौर ने भी अपने पति के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र जागलान ने कहा कि ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार की यह मुहिम समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का सशक्त माध्यम बन चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रकृति संरक्षण केवल एक अभियान नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। जबकि हवलदार रामनिवास कौशिक ने कहा कि हर्बल बॉटनिकल गार्डन प्रकृति प्रेम और हरियाली संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत के फौजियों के प्रति सम्मान भाव की सराहना करते हुए कहा कि सैनिकों को इस प्रकार प्रकृति संरक्षण अभियानों से जोड़ना प्रेरणादायक पहल है।

सूबेदार मेजर ओमप्रकाश ने कहा कि पेड़-पौधे धरती का आभूषण हैं और इनके संरक्षण से ही जीवन सुरक्षित रह सकता है। सूबेदार सुरेश ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। वहीं, ग्रीनमैन दलजीत ने सभी पूर्व सैनिकों का आभार व्यक्त किया।

---

## सनातन संस्कृति से ही विश्व कल्याण होगाः शर्मा



पानीपत। नई सोच सोशल के महासचिव मोहित शर्मा गोवंश को हरा चारा खिलाते हुए।

**पानीपत।** नई सोच सोशल एंड वेलफेयर सोसायटी के महासचिव मोहित शर्मा ने अपना जन्म दिवस गोहाना रोड स्थित गोशाला में गो-सेवा कर मनाया। मोहित ने गोवंश की पूजा अर्चना की। वहीं, गोवंश को खीरा व तरबूज खिलाकर परमात्मा से विश्व कल्याण की प्रार्थना की। वहीं, शर्मा ने कहा कि गाय में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है व अपनी सनातन संस्कृति के अनुसार अपने परिवार के शुभ कार्यों पर जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ व अन्य शुभ अवसरों पर गोमाता को चारा खिलाकर उनकी सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति और संस्कारों से ही विश्व कल्याण होगा।

# एमजेआर एकेडमी के खिलाड़ियों ने मेडल जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

■ विजेता खिलाड़ियों को कंवर रविंद्र सैनी ने सम्मानित किया



पानीपत। एमजेआर एकेडमी के विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

पानीपत जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस, हुडा सेक्टर-18, जिला भर से 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। वहीं, ए म जे आ र एकेडमी के कोच मुकेश सरोहा उपरोक्त प्रतियोगिता में सैशा, इशिका, रोशनी, आश्वी, प्रियांशी, चहाना, राशि, उर्मिला, रिया, लीना, मन्नत, कशिका, पालक्षा, लक्की, पूर्वी, कनक, योगिता, कनिष्का, हर्षिता, हानिका, अथर्व, अक्षत, अरमान, यश सरोहा, युग सरोहा, शिवम, यश, अनमोल, आयुष, अर्पण, देव, अमन, राजन, दक्ष, वंश मलिक, अम्बर, चेतन अनेजा, अंशुल सरोहा ने गोल्ड मेडल जीते। उन्होंने बताया कि मानवी, इया, अनुष्का, दिव्यांशी, एनी, अर्पिता, खुशी, अलसीना, अनिकेत, गौरव, योगेश, वीरेन मलिक, कौशिक ने सिल्वर मेडल जीते। जबकि परी, औजस्वी, कृष्णा, अरहान, तक्ष, कुंज, दिशांत, ऋषभ, नकुल शर्मा ने ब्रांज मेडल जीते। वहीं, विजेता खिलाड़ियों को कंवर रविंद्र सैनी ने सम्मानित किया।

---

# भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेलः मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



■ कांग्रेस ग्रामीण जिला की मासिक बैठक आयोजित

पानीपत ग्रामीण जिला कांग्रेस के कार्यालय में अध्यक्ष रमेश मलिक की अध्यक्षता में पार्टी की मासिक बैठक आयोजित हुई। मलिक ने कहा कि भाजपा सरकार, जनता की सेवा करने में विफल साबित हो चुकी है। जनता में भाजपा सरकार के प्रति गुस्सा बढता जा रहा है। वहीं, कांग्रेस का जनहित में संघर्ष जारी रहेगा। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने तथा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं जनहित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में दीपक खटकड़, जगदीश जांगड़ा, रजनीश छोकर, सतपाल वाल्मीकि, विकास कुमार रोसे, डीपी ग्रोवर, सुभाष तंवर, यशपाल अहलावत, कोकी धीमान, हरपाल नांगलखेड़ी, सुशील सैनी, प्रमोद कश्यप, राजेश कुमार, लक्ष्मी शर्मा व उमेश आदि उपस्थित रहे।

# मां भद्रकाली का किया दिव्य श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

भद्रकाली एकादशी के पावन एवं शुभ अवसर पर माँ भद्रकाली शक्तिपीठ, कुरुक्षेत्र में विशेष पूजन एवं अभिषेक श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न की गई। सर्वप्रथम मुख्य पुजारिन शिमला देवी द्वारा माँ का पावन जलाभिषेक किया गया तथा भव्य श्रृंगार किया गया। माँ भगवती भद्रकाली को स्वणाभूर्षणों से सुसज्जित किया गया तथा विशेष रूप से स्वर्णिम कड़ा अर्पित किया गया। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने माँ की उत्सव प्रतिमा का भी विधिवत पंचामृत स्नान किया। शहद, दूध, दही, हल्दी, चंदन, कुमकुम एवं पीले चंदन से दिव्य स्नान कराया गया।



कुरुक्षेत्र। पूजा करते पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा। फोटो : हरिभूमि

---



पानीपत। सफाई व फायर कर्मियों के साथ धरने पर बैठे कांग्रेसी नेता डॉ ओमवीर पंवार, आदि। फोटो : हरिभूमि

## कर्मचारी विरोधी है भाजपा सरकारः पंवार

**पानीपत।** नगर निगम के सफाई कर्मचारियों व फायर ब्रिगेड कर्मचारियों की मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन के समर्थन में समाजसेवी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. ओमवीर सिंह पंवार बुधवार को आंदोलनरत कर्मचारियों के बीच पहुंचे और उनके आंदोलन व मांगों का समर्थन किया। वहीं, डॉ. पंवार ने कहा कि नगर निगम के सफाई कर्मचारी और फायर ब्रिगेड कर्मचारी दिन-रात अपनी जान जोखिम में डालकर जनता की सेवा करते हैं, लेकिन बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज उन्हें अपने हक और सम्मान के लिये सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बड़े-बड़े विज्ञापनों और झूठे विकास के दावों में व्यस्त है, जबकि मेहनतकश कर्मचारियों की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। वहीं, डॉ. पंवार ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, लेकिन कर्मचारियों की आय और सुविधाओं में कोई सुधार नहीं किया जा रहा। आज मजदूर वर्ग आर्थिक संकट से जूझ रहा है और सरकार उनकी आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। आंदोलनकारियों को कांग्रेसी नेता बलजीत सरासर, आजाद पूनिया, नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष नरेश अटवाल, उपप्रधान बलराज सिंह, जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, रमा देवी, कंवरपाल खटानिया ने संबोधित किया। जबकि आंदोलन में सैंकड़ो की सफाई व फायर बिग्रेड कर्मचारियों ने भाग लिया।

---

**बैठक** बाढ़ आपदा पर आज होगा मेगा मॉक ड्रिल, उपायुक्त ने बैठक कर तैयारी की

# मॉक ड्रिल केवल एक अभ्यास नहीं बल्कि वास्तविक परिस्थितियों में काम आने वाली तैयारियों की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। मेगा मॉक ड्रिल को लेकर बैठक करते हुए डीसी, एसपी आदि। फोटो : हरिभूमि

जिले में बाढ़ आपदा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा 14 मई गुरुवार को मेगा मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इसको लेकर बुधवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जिला सचिवालय स्थित सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। यह मॉक ड्रिल जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा के दौरान प्रशासनिक तैयारियों, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, राहत एवं बचाव कार्यों की क्षमता और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली का परीक्षण करना है। उपायुक्त डॉ. दहिया ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपदा के समय त्वरित कार्रवाई, बेहतर तालमेल और संसाधनों का सही उपयोग ही जनहानि को कम कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह मॉक ड्रिल केवल एक अभ्यास नहीं बल्कि वास्तविक परिस्थितियों में काम आने वाली तैयारियों की परीक्षा है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे निर्धारित समय पर अपने संसाधनों, मशीनरी और टीमों सहित स्टेजिंग एरिया में पहुंचना सुनिश्चित करें ताकि मॉक ड्रिल का सफल संचालन हो सके। वहीं, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस विभाग की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रहेगी। पुलिस विभाग द्वारा घटनास्थलों की घेराबंदी कर कानून व्यवस्था बनाए रखी जाएगी तथा राहत एवं बचाव दलों को सुरक्षित रास्ता उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस की ओर से वायरलेस संचार व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा और डायल-112 की आपातकालीन गाडियों को डीईओसी, स्टेजिंग एरिया और घटनास्थलों के बीच समन्वय के लिए तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करेगा और किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। इस प्रकार की मॉक ड्रिल से पुलिस विभाग की आपदा प्रबंधन क्षमता और बेहतर होगी तथा विभिन्न एजेंसियों के साथ समन्वय मजबूत होगा।

### ये भाग लेंगे

मॉक ड्रिल में पुलिस विभाग, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, सिविल डिफेंस एवं होमगार्ड, हरियाणा रोडवेज, पीडब्ल्यूडी, बिजली विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, रेडक्रॉस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिंचाई विभाग सहित विभिन्न विभाग भाग लेंगे।

---

# रक्तदान कर मानवता का कर्ज उतारें युवाः श्रीकृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

■ स्वस्थ्य युवा साल में तीन बार रक्तदान कर सकता है



रेड ड्रॉप ब्लड डोनेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष श्रीकृष्ण कश्यप

महर्षि कश्यप जयंती के पावन अवसर पर कश्यप परिवार और रेड ड्रॉप ब्लड डोनेशन फाउंडेशन द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का रविवार को किया जा रहा है।

यह इस श्रृंखला का सातवां रक्तदान शिविर होगा, जो सामाजिक सेवा और एकजुटता के संदेश के साथ आयोजित किया जा रहा है। कैंप सुबह नौ से शाम चार बजे तक रेड ड्रॉप हैदराबादी ब्लड बैंक, सनौली रोड, पानीपत में आयोजित होगा। यह जानकारी फाउंडेशन के प्रधान श्रीकृष्ण कश्यप रक्तवीर शौदापुर ने देते हुए कहा कि स्वस्थ्य युवा साल में तीन बार रक्तदान कर सकता है। वहीं, युवा समेत हर वर्ग को रक्तदान कर मानवता का कर्ज उतारना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### बाढ़ आपदा प्रबंधन पर होगा मॉक अभ्यास

**अंबाला।** जिला में बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारियों का आंकलन एवं विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी। इस अभ्यास के दौरान बाढ़ जैसी आपातकालीन स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का परीक्षण/अभ्यास किया जाएगा। यह जानकारी जिला राजस्व अधिकारी राजेश ख्यालिया ने दी।

### हार के बाद सोशल मीडिया में ढींगरा के पति वायरल



**अंबाला।** वार्ड नंबर 8 से सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा की हार के बाद सोशल मीडिया पर उनके पति सुंदर ढींगरा की एक फोटो वायरल हो गई। फोटो में सुंदर ढींगरा मिठाई की दुकान पर बैठे दिखाए गए हैं। असल में सुंदर ढींगरा पेशे से मिठाई बनाने का कारोबार करते हैं। हार के बाद अब सोशल मीडिया पर लोग उन्हें हलवाई काम संभालने की सलाह दे रहे हैं।

### भाई पर हमला कर किया घायल, केस

**जींद।** गांव दनौदा खुर्द में कहासुनी के चलते भाई ने भाई पर हमला कर घायल कर दिया। शिकायत के आधार सदर थाना नरवाना पुलिस ने आरोपित भाई के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव दनौदा खुर्द निवासी सतबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी उसके भाई रघुवीर से जमीन को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर रघुबीर न उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर रघुबीर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला के पास फोन करने से रोका तो किया हमला

**जींद।** सदर थाना नरवाना इलाका गांव में महिला को बार-बार फोन करने का विरोध किया तो आरोपितों ने हमला कर दो भाइयों को घायल कर दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना इलाका गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव का रवि उसकी भाभी के पास अलग-अलग नंबरों से कॉल कर फोन परेशान करता था। जिसका उन्होंने विरोध किया तो रवि गाली गलौज पर उतर आया। उसी दौरान उसके परिवार के अन्य लोग भी आ गए थे।

### दो पिस्तौल के साथ एक चढ़ा युवक पुलिस हत्थे

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव अनुपगढ़ फ्लाईओवर के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से दो पिस्तौल बरामद किए हैं। सदर थाना पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ कर्मी रोहतक रोड पर गश्त कर रहे थे। अनुपगढ़ फ्लाईओवर निकट युवक खड़ा दिखाई दिया। जो पुलिसकर्मियों को देख कर भागने लगा। पीछा कर काबू कर लिया।

## 21 हजार से ज्यादा मतों से कुलविंद्र कौर को दी शिकस्त

# नगर निगम पर भाजपा का कब्जा, अक्षिता बनी मेयर

### शहर के 16 वार्डों में बीजेपी व तीन वार्डों में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों को मिली जीत, एक वार्ड में निर्दलीय बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम में शहर की सरकार पर भाजपा का कब्जा हो गया। भाजपा की मेयर प्रत्याशी अक्षिता सैनी ने 21 हजार से ज्यादा मतों से कांग्रेस की कुलविंद्र कौर सैनी को शिकस्त दी। 16 वार्डों में में भाजपा उम्मीदवारों को सीधी जीत मिली। तीन वार्डों में कांग्रेस को जीत मिली है जबकि एक वार्ड में कांग्रेस से बगावत कर चुनाव लड़ने वाले आजाद उम्मीदवार को जीत मिली है। भाजपा को सबसे बड़ा झटका वार्ड नंबर 8 में लगा। यहां से भाजपा ने सीनियर डिप्टी मेयर रही मीना ढींगरा को दोबारा प्रत्याशी बनाया था। मगर उन्हें कांग्रेस की गुंजीत कौर ने पराजित कर दिया। मतगणना अंबाला शहर के सेक्टर 9 स्थित ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल में हुई। 12 बजे तक 16 राउंड की काउंटिंग के बाद मेयर प्रत्याशी अक्षिता सैनी 21,358 वोट से कांग्रेस प्रत्याशी कुलविंद्र कौर सैनी को हरा दिया। 16 राउंड के दौरान कुल पोल हुई वोट 1,07651 की काउंटिंग की गई। इसमें अक्षिता सैनी को 52,794 वोट मिले और कांग्रेस प्रत्याशी कुलविंद्र कौर को 31436 वोट मिले। आजाद उम्मीदवार सोनिया चौधरी को 21730 वोट प्राप्त हुए। एक भी राउंड में कांग्रेस प्रत्याशी कुलविंद्र कौर ने लीड नहीं मिल पाई। सभी राउंड में अक्षिता सैनी को लीड मिलती रही। नोटा को 1691 लोगों ने अपना मत दिया। अपनी जीत पर अक्षिता सैनी ने अंबाला शहर की जानता का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह मेरी जीत नहीं है, बल्कि पूरे शहर के लोगों की जीत है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी सहित पूरी भाजपा पार्टी का भी आभार व्यक्त किया।



**अंबाला।** मेयर अक्षिता सैनी को सर्टिफिकेट प्रदान करते। *फोटो : हरिभूमि*

### सीनियर डिप्टी मेयर चुनाव हारी

नगर निगम चुनाव में भाजपा को सबसे बड़ा झटका वार्ड नंबर 8 में लगा। इस बार भाजपा की ओर से इस वार्ड से पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा उम्मीदवार थी। उन्हें कांग्रेस की प्रत्याशी गुंजीत कौर ने शिकस्त दी। पिछले चुनाव में मीना ढींगरा ने गुंजीत को हराया था। इस बार गुंजीत ने अपनी हार का बदला ले लिया। गुंजीत कौर को 721 वोट से जीत मिली है। मीना ढींगरा को 2668 वोट मिले और गुंजीत को 3389 वोट मिले। वार्ड 14 से कांग्रेस की पूनम शर्मा, वार्ड 19 से से कांग्रेस के पुनीत कवि भी चुनाव जीतने में कामयाब रहे। पुनीत कवित को नामांकन दाखिल करने से तीन घंटे पहले ही कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार बनाया था। पहले इस वार्ड से कांग्रेस ने सचिन पुनिया को उम्मीदवार बनाया था। मगर नामांकन दाखिल करने से पहले उनकी टिकट काटकर पुनीत को दे दी थी। वार्ड 15 से निर्दलीय मनोज शर्मा ने भी जीत का स्वाद चखा है। इस वार्ड से मनोज शर्मा कांग्रेस की टिकट के प्रबल दावेदार थे। मगर उनकी टिकट काटकर विक्की राणा को दे दी गई। कांग्रेस से बगावत कर मैदान में उतरे मनोज शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी राजकुमार गुप्ता को पराजित किया है।

### भाजपा के शाना ने 4406 वोट से जीत कर इतिहास रचा, कांग्रेस के प्रदीप चावला कड़े मुकाबले में 23 वोट से हारे



**अंबाला।** निगम चुनाव में इस बार वार्ड नंबर 17 से भाजपा प्रत्याशी गुरप्रीत साहनी (शाना) ने जीत का नया रिकॉर्ड बनाया है। साहनी ने इस बार 4406 वोट से जीत हासिल की। उनके सामने कांग्रेस की उम्मीदवार प्रवीण चावला को केवल 707 वोट ही मिल पाए। साहनी को कुल 5113 वोट मिले।

### वार्ड 16 से निकुंज चावला को मिली बड़ी जीत



वार्ड नंबर 16 से भाजपा की प्रत्याशी निंकुज चावला भी बड़ी जीत हासिल करने में कामयाबी रही। पिछला निगम चुनाव निंकुज चावला ने वार्ड नंबर 20 से हरियाणा डेमोक्रेटिक फ्रंट के चुनाव निशान कप प्लेट पर लड़ा था। तब बेहद कम मार्जन से वे चुनाव हार गई थी। बाद में उन्होंने एचडीएफ छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था। कड़े विरोध के बावजूद भाजपा ने उन्हें उम्मीदवार बनाया था। उन्होंने अपने निकटतम उम्मीदवार कांग्रेस के रिंकू प्रजापति को 2013 मतों से शिकस्त दी। इसी तरह भाजपा की शिवानी सूद को भी 2002 मतों से जीत मिली है।

### सीनियर डिप्टी मेयर ढींगरा की हार ने चौंकाया



पिछला निगम चुनाव जीतकर सीनियर डिप्टी मेयर बनी मीना ढींगरा इस बार चुनाव हार गई। उन्हें कांग्रेस की गुंजीत कौर ने पराजित किया। टिकट मिलने से पहले ही इस वार्ड से गुंजीत कौर को विजेता बताया जा रहा था। हालांकि इसके बावजूद भाजपा ने मीना ढींगरा को उम्मीदवार बनाया था। विजेता बनी गुंजीत को कुल 3389 वोट मिले जबकि मीना ढींगरा को 2668 वोट पर संतोष करना पड़ा।

### सांसद चौधरी व अध्यक्ष अग्रवाल गढ़ में हारे



चुनाव में सबसे बुरी गत तो कांग्रेस सांसद वरूण चौधरी व शहरी अध्यक्ष पवन अग्रवाल डिंपी की हुई। सांसद व कांग्रेस अध्यक्ष वार्ड नंबर 12 के सेक्टर 7 में रहते हैं। इस वार्ड से भाजपा के कमल गुप्ता ने कांग्रेसी उम्मीदवार मिथुन वर्मा को शिकस्त दी है। कांग्रेस के उर्जावान नेता एडवोकेट मिथुन वर्मा पहले वार्ड नंबर 10 से निगम सदस्य थे।

### जीत का सिंकदर बना कांग्रेस प्रत्याशी पुनीत कवि



**अंबाला।** समर्थकों के साथ कांग्रेस प्रत्याशी पुनीत कवि।

**अंबाला।** वार्ड नंबर 19 से इस बार कांग्रेस प्रत्याशी पुनीत कवि चुनाव जीतने में कामयाब रहे। उन्होंने भाजपा के पिंकू सूद को शिकस्त दी है। पिछले चुनाव में पिंकू की पत्नी भाजपा की सदस्य बनी थी। सामान्य जाति के उम्मीदवार के लिए रिजर्व होने के बावजूद कांग्रेस ने पुनीत कवि को इस वार्ड से ऐन मौके चुनावी मैदान में उतारा था। असल में इस वार्ड से पुनीत की टिकट पहले कट गई थी। पार्टी ने युवा नेता सचिन पुनिया को इस वार्ड से टिकट दी थी। मगर विधायक व सांसद के विरोध की वजह से सचिन पुनिया की टिकट नामांकन दाखिल करने से तीन घंटे पहले काटकर पुनीत कवि को दी गई थी। पुनीत ने पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ा व जीत हासिल की।

## ये जीते, ये हारे



**वार्ड नंबर 1**
वोट मिले – 2060
जीते – विशाल राणा, भाजपा
हारे – सतविंद्र सिंह, कांग्रेस
वोट मिले – 1992
अंतर – 68



**वार्ड नंबर 2**
वोट मिले – 1998
जीते – बरखा सहोता, भाजपा
हारे – राजविंद्र कौर, कांग्रेस
वोट मिले – 1447
अंतर – 551



**वार्ड नंबर 3**
वोट मिले – 1788
जीते – मनीष आनंद, भाजपा
हारे – विजय चौधरी, निर्दलीय
वोट मिले – 882
अंतर – 966



**वार्ड नंबर 4**
वोट मिले – 3235
जीते – वरिंद्र नाथ, भाजपा
हारे – अशोक सोनी, कांग्रेस
वोट मिले – 2891
अंतर – 344



**वार्ड नंबर 5**
वोट मिले – 3674
जीते – राजेश मेहता, भाजपा
हारे – रविंद्र गुप्ता, निर्दलीय
वोट मिले – 2667
अंतर – 1007



**वार्ड नंबर 6**
वोट मिले – 3275
जीते – अर्चना छिब्बर, भाजपा
हारे – दिशा, कांग्रेस
वोट मिले – 1293
अंतर – 1982



**वार्ड नंबर 7**
वोट मिले – 3104
जीते – मोनिका मल, भाजपा
हारे – विक्रमजीत, कांग्रेस
वोट मिले – 1614
अंतर – 1490



**वार्ड नंबर 8**
वोट मिले – 3389
जीते – गुंजीत कौर, कांग्रेस
हारे – मीना ढींगरा, भाजपा
वोट मिले – 2668
अंतर – 721



**वार्ड नंबर 9**
वोट मिले – 3502
जीते – शिवानी सूद, भाजपा
हारे – मेद्या गोयल, कांग्रेस
वोट मिले – 1500
अंतर – 2002



**वार्ड नंबर 10**
वोट मिले – 3956
जीते – गुरविंद्र सिंह, भाजपा
हारे – राजिंद्र कौर, कांग्रेस
वोट मिले – 1293
अंतर – 2733



**वार्ड नंबर 11**
वोट मिले – 4933
जीते – कविता सैनी, भाजपा
हारे – अनुराधा, कांग्रेस
वोट मिले – 1808
अंतर – 1214



**वार्ड नंबर 12**
वोट मिले – 2282
जीते – कमल गुप्ता, भाजपा
हारे – मिथुन वर्मा, कांग्रेस
वोट मिले – 1423
अंतर – 859



**वार्ड नंबर 13**
वोट मिले – 1852
जीते – शोभा पुनिया, भाजपा
हारे – प्रदीप चावला, कांग्रेस
वोट मिले – 1829
अंतर – 23



**वार्ड नंबर 14**
वोट मिले – 2403
जीते – पूनम शर्मा, कांग्रेस
हारे – वीनू गर्ग, भाजपा
वोट मिले – 2110
अंतर – 293



**वार्ड नंबर 15**
वोट मिले – 2139
जीते – मनोज शर्मा, निर्दलीय
हारे – राजकुमार गुप्ता, भाजपा
वोट मिले – 1540
अंतर – 599



**वार्ड नंबर 16**
वोट मिले – 4499
जीते – निकुंज चावला, भाजपा
हारे – रिंकू प्रजापति, कांग्रेस
वोट मिले – 2486
अंतर – 2013



**वार्ड नंबर 17**
वोट मिले – 5113
जीते – गुरप्रीत साहनी, भाजपा
हारे – प्रीवन चावला, कांग्रेस
वोट मिले – 707
अंतर – 4406



**वार्ड नंबर 18**
वोट मिले – 2479
जीते – हितेश जैन, भाजपा
हारे – दलजीत भाटिया, कांग्रेस
वोट मिले – 1058
अंतर – 1421



**वार्ड नंबर 19**
वोट मिले – 2547
जीते – पुनित कवि, कांग्रेस
हारे – पिंकू सूद, भाजपा
वोट मिले – 2436
अंतर – 111



**वार्ड नंबर 20**
वोट मिले – 3533
जीते – सपना रानी, भाजपा
हारे – ममता रानी, कांग्रेस
वोट मिले – 2652
अंतर – 881

### सीबीएसई 12 वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में छाए आर्य स्कूल के विद्यार्थी, किए सम्मानित



**मुलाना।** हरियाणा बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा सत्र (2025-2026) का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। इसमें आर्य सीनियर सैकेंडरी स्कूल के सभी विद्यार्थी बहुत अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण हुए तथा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।आशा कुमारी पुत्री श्री सुरेश कुमार ने 500 में से 484 अंक लेकर स्कूल , ब्लॉक व जिले का नाम रोशन किया । द्वितीय स्थान पर गौतम पुत्र श्री राम कुमार व तृतीय स्थान पर पलक पुत्री श्री राजेश कुमार उत्तीर्ण रहे , 7 विद्यार्थियों ने मैरिट में अपना नाम किया है जबकि 31बच्चों ने प्रथम डिवीजन लेकर अपने माता पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है ।अन्य विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में अच्छे अंक लेकर पास हुए। स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक कुमार पुंडीर ने इस अवसर पर शिक्षा समिति के सभी सदस्यों, अध्यापकों, माता - पिता व विद्यार्थियों को बहुत बहुत बधाई दी है। विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### डीएवी स्कूल के छात्रों ने 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों से रचा नया इतिहास

**अंबाला।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम के अंतर्गत डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा तथा विद्यार्थियों ने विभिन्न संकायों में उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर विद्यालय की शैक्षणिक श्रेष्ठता को पुनः सिद्ध किया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. राधा रमण सूरी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है।

### सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणामों में कला संकाय में मुस्कान ने हासिल किए 453 अंक

**शहजादपुर।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जटवाड़ का परीक्षा परिणाम एक बार पुनः शत प्रतिशत रहा। कला संकाय में मुस्कान 465/500 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दीक्षा 453/500 व सानिया 428/500 ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही 8 छात्रों ने मेरिट में अंक प्राप्त किए। इनमें 2 छात्राओं ने 90 से अधिक अंक प्राप्त किए। 12 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

### धीन की बेटी दिया ने 84.5% अंक लेकर बढ़ाया गांव का मान



**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धीन की होनहार छात्रा दीया ने 12वीं कक्षा की परीक्षा में 84.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गांव धीन तथा स्कूल का नाम रोशन किया है। छात्रा की इस शानदार उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर गांव के सरपंच सतविंदर सिंह ने छात्रा को सम्मानित कर बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और दिया की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। दीया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और कठिन मेहनत को दिया। उसने बताया कि उसका सपना यूपीएससी परीक्षा पास कर देश की सेवा करना है। छात्रा ने अन्य बच्चों को भी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने का संदेश दिया। ग्रामीणों और विद्यालय स्टाफ ने भी दिया की उपलब्धि पर गर्व जताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नगर निकाय चुनाव में भाजपा के विजेता मेयर और पार्षद प्रत्याशियों को मंत्री विज ने दी बधाई

**अंबाला।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने प्रदेश के नगर निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के मेयर तथा पार्षद प्रत्याशियों की शानदार जीत पर सभी विजयी उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल भाजपा प्रत्याशियों की नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता के विकास, सुशासन और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी नीतियों पर विश्वास की जीत है। विज ने अंबाला सिटी से भाजपा की विजयी मेयर प्रत्याशी अक्षिता सैनी को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने विकास और पारदर्शी प्रशासन के पक्ष में अपना स्पष्ट जनादेश दिया है। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा की नीतियां जन-जन तक पहुंच रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### वार्ड 13 में रही कांटे की टक्कर, शोभा बने विजेता

**अंबाला।** नगर निगम के वार्ड नंबर 13 में सबसे कांटे की टक्कर देखने को मिली। इस वार्ड से भाजपा ने निवर्तमान सदस्य शोभा सिंह पूनिया को उम्मीदवार बनाया था। जबकि कांग्रेस ने तत्कालीन सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के मीडिया एडवाइजर रहे स्वर्गीय बिट्टू चावला के भाई प्रदीप चावला को उम्मीदवार बनाया था। चुनाव में शोभा सिंह पूनिया 23 वोट से दूसरी बार निगम सदस्य बने। शोभा पूनिया को कुल 1852 वोट मिले जबकि प्रदीप चावला को 1829 वोट हासिल हुए। इसी तरह वार्ड नंबर 1 से भी पहली बार मैदान में उतरे विशाल राणा महज 68 वोट से चुनाव जीतने में कामयाब रहे। उन्होंने कांग्रेस के सतविंद्र सिंह को हराया है।

## 31 मई तक एचएसएससी पोर्टल पर भेजनी होगी नई रिक्विजिशन

# ग्रुप डी भर्ती की तैयारी तेज, विभागों से मांगी खाली पदों की डिटेल

### सभी प्रशासनिक सचिवों, बोर्ड, निगम, एजेंसियों को दिए निर्देश, चौकीदार और स्वीपर पद फिलहाल बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राज्य सरकार ने राज्य में लंबे समय से खाली पड़े ग्रुप डी पदों को भरने की प्रक्रिया तेज कर दी है। सामान्य प्रशासन विभाग ह्यूमन रिसोर्स II शाखा की ओर से बुधवार को जारी पत्र में सभी प्रशासनिक सचिवों, बोर्ड, निगम, एजेंसियों और सरकारी संस्थाओं को निर्देश दिए गए है कि वे अपने यहां खाली नियमित ग्रुप डी पदों की नई सूची हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को भेजें। सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार यह भर्ती प्रक्रिया चौकीदार और स्वीपर पदों को छोड़कर अन्य सभी ग्रुप डी पदों के लिए लागू होगी। विभागों को 31 मई तक पोर्टल पर रिक्त पदों की जानकारी अपलोड करनी होगी। ग्रुप सी के पदों के लिए एचएसएससी ने पिछले साल पेपर लिया था। इस भर्ती में फिलहाल विभाग हरियाणा पुलिस पुरुष कांस्टेबल के लिए पीएमटी की प्रक्रिया आयोजित करवा रही है।

### जल्द ब्यौरा भेजने के दिए आदेश

पत्र में कहा गया है कि राज्य सरकार के अधीन आने वाले सभी बोर्ड, कॉरपोरेशन, सांविधिक निकाय और अन्य एजेंसियां अपने यहां स्वीकृत तथा खाली पड़े नियमित पदों का ब्यौरा तैयार करे। इसके बाद संबंधित विभाग पोर्टल पर ताजा रिक्विजिशन अपलोड करेंगे ताकि भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके। सरकार ने इस बार रिक्त पदों का डेटा एक तय फॉर्मेट में मांगा है। इसमें यह बताना होगा कि कुल स्वीकृत पद कितने है और उनमें से कितने पद नियमित कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों तथा हरियाणा कांट्रैक्चुअल एम्प्लॉइज एक्ट 2024 के तहत कवर कर्मचारियों से भरे हुए है। इसके बाद शेष बचे रिक्त पदों की संख्या दर्शानी होगी। यानी विभागों को अब सिर्फ खाली पदों की संख्या नहीं बल्कि कर्मचारियों की वर्तमान स्थिति का पूरा ब्यौरा भी देना पड़ेगा। इससे सरकार को वास्तविक रिक्तियों का स्पष्ट आंकड़ा मिल सकेगा।

### भर्ती की उम्मीद बढ़ी

सरकार के इस आदेश के बाद प्रदेशभर के बेरोजगार युवाओं में नई उम्मीद जगी है। माना जा रहा है कि विभागों से रिक्तियों का डेटा मिलने के बाद एचएसएससी की ओर से बड़े स्तर पर ग्रुप डी भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। प्रदेश में पिछले लंबे समय से विभिन्न विभागों में हजारों ग्रुप डी पद खाली पड़े हैं। भर्ती प्रक्रिया लंबित होने के कारण विभागों में कामकाज भी प्रभावित हो रहा था। अब सरकार द्वारा सभी विभागों से ताजा रिक्विजिशन मांगने के बाद भर्ती प्रक्रिया को रफ्तार मिलने की संभावना बढ़ गई है। ग्रुप डी भर्ती 2023 के लगे कर्मचारियों को गृह जिले से बहुत दूर तक स्टेशन मिले हुए है इसके बाद वेटिंग लिस्ट के कर्मचारी भी दूर दराज के जिलों में पोस्टिंग है। उनकी काफी दिनों से ट्रांसफर पोर्टल पर निगाहें टिकी हुई है। नई भर्ती या वेटिंग लिस्ट ना निकल कर सरकार ट्रांसफर पोर्टल भी खोल सकती है। ऐसे में जानकारों का कहना है कि ग्रुप डी को लगभग तीस हजार के आस पास सैलरी मिलती है। इतनी सैलरी में गृह जिले से दूर रखना गलत है।